मणिपुर : हिंसा भड़कने से पहले चल रही थी 25वीं वर्षगांठ मनाने की तैयारी

अब वीरान पड़ा है स्कूल

इंफल/चुराचांदपुर, 12 मई (भाषा)।

जमींदोज इमारत और राख बन चुका फर्नीचर...मणिपुर में कुकी और मेइती जातीय समूहों के बीच हिंसा का एक साल पूरा होने के बाद इंफल में सेंट पीटर स्कूल का कुछ ऐसा ही नजारा है।

कुकी समुदाय से संबंध रखने वाली स्कूल की प्रधानाध्यापक खुपखोमन ने कहा कि हम 2023 में इसका रजत जयंती वर्ष मनाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन तभी झड़पें शुरू हो गईं। उन्होंने सब कुछ जला दिया। खुपखोमन तब से परिवार समेत मेइती बहुल इंफल घाटी क्षेत्र छोड़कर चुराचांदपुर में रह रही हैं। मणिपुर में तीन मई, 2023 को हिंसा भड़कने से पहले राज्य बोर्ड से संबद्ध सेंट पीटर स्कूल में कक्षा 10 तक के 800 से अधिक छात्र थे, जो अब बिल्कुल वीरान पड़ा है। हिंसा भड़कने के चलते शैक्षिक संस्थानों, कार्यालयों और कारोबारों को बंद कर दिया गया। खुपखोमन

मणिपुर में तीन मई, 2023 को हिंसा भड़कने से पहले राज्य बोर्ड से संबद्ध सेंट पीटर स्कूल में कक्षा 10 तक के 800 से अधिक छात्र थे, जो अब बिल्कुल वीरान पड़ा है।

(62) ने कहा कि हमारे लिए हर दिन ऐसा ही है। स्थिति अप्रत्याशित बनी हुई है और हम अब योजना नहीं बनाते। संकट जारी है, और आगे बढ़ने या पीछे मुड़कर देखने के लिए कुछ भी नहीं है। खुपखोमन और उनके दिवंगत पति ने 25 वर्ष पहले कड़ी मेहनत से यह स्कूल बनाया था और इसके परिसर में उनका निवास भी था। वह अब अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहती हैं और दोनों समुदायों के 60,000 से अधिक अन्य लोगों की तरह विस्थापित हैं। लेकिन खुपखोमन अपने मेइती छात्रों के बारे में जानकारी लेने के लिए अब भी स्कूल के आसपास रहने वाले परिवारों को फोन करती हैं। उन्होंने कहा कि वे दूसरे स्कूलों में दाखिला ले चुके हैं, कुछ ने पढ़ाई छोड़ दी है। खुपखोमन ने रजत जयंती समारोह की तैयारियों को याद करते हुए कहा कि नृत्य और गायन प्रस्तुति के लिए अभ्यास चल रहा था। उन्होंने नम आंखों से कहा कि बहुत सारी गतिविधियां थीं, लेकिन फिर एक रात में सब कुछ ख़त्म हो गया। स्कूल पर चार मई को तड़के भीड़ ने हमला कर दिया था। उन्होंने कहा कि हमारे पास बस स्कूल ही था, हमने बड़ी मुश्किल से इसे बनाया था, हम वर्षों तक उस जगह पर रहे... 800 से अधिक छात्रों की उम्मीदें हमसे जुड़ी हुई थीं और एक रात में सब कुछ खत्म हो गया। शुरू में मैंने सोचा था कि यह एक सप्ताह के समय में खत्म हो जाएगा और मैं योजना बना रहा थी कि कक्षाएं फिर से शुरू करने से पहले क्या-क्या करना होगा। उन्होंने कहा कि अचानक, मैं बेरोजगार, बेघर, निराश हो गई...सब कुछ खो बैठी। तीन मई को शुरू हुई झड़पों में 200 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

मशरूम खाने के बाद बीमार पड़े असम के आठ पुलिसकर्मी

उत्तरी लखीमपुर, 12 मई (भाषा)।

असम के धेमाजी जिले में रविवार को मशरूम खाने के बाद कम से कम आठ पुलिसकर्मी बीमार पड़ गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 22वीं बटालियन के जवान अरुणाचल प्रदेश से लगी अंतरराज्यीय सीमा पर गोगामुख के पास पनबाड़ी में तैनात थे। उन्होंने कहा कि आठ जवानों ने रविवार को दोपहर के भोजन में मशरूम खाया। भोजन करने के लगभग 30 मिनट बाद, वे बीमार पड़ गए और उन्हें उल्टी दस्त हुए, जिसके बाद उन्हें गोगामुख के एक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि उनका इलाज कर रहे चिकित्सक ने कहा कि यह दूषित भोजन खाने से बीमार पड़ने का मामला है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए धेमाजी सिविल अस्पताल भेज दिया गया है।

ईटानगर और नाहरलागुन में कुत्तों के काटने के मामले बढ़े

ईटानगर, 12 मई (भाषा)।

अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर और नाहरलागुन में पिछले सप्ताह कुत्तों के काटने के मामले तेजी से बढ़े हैं। जिला चिकित्सा अधिकारी की रपट में यह जानकारी दी गई। पिछले हफ्ते कुत्तों के काटने के कुल 117 मामले सामने आए हैं।

ईटानगर राजधानी क्षेत्र (आइसीआर) के उपायुक्त कार्यालय द्वारा शनिवार को जारी किए गए एक सार्वजनिक परामर्श के अनुसार, बड़ी संख्या में आवारा कुत्ते होने के कारण ऐसी घटनाएं बढ़ी हैं। इन कुत्तों को टीके भी नहीं लगे होते। समस्या के समाधान के लिए और इसे बढ़ने से रोकने के लिए आइसीआर की उपायुक्त श्वेता नागरकोटी मेहता ने कई निर्देश जारी किए। उपायुक्त कार्यालय ने आइसीआर के सभी पालतू जानवरों के मालिकों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि उनके पालतू जानवरों का टीकाकरण हो और किसी भी आक्रामक जानवर या कुत्ते को 15 दिनों के भीतर सुरक्षित रूप से कैद किया जाए। उपायुक्त कार्यालय ने चेतावनी दी कि उक्त निर्देश का पालन नहीं करने पर पालतू जानवर को ले लिया जाएगा। पालतू जानवरों के मालिकों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि घर से बाहर जाने पर उनके पालतू जानवर हमेशा पट्टे से बंधे हों और वे खुले आम नहीं घूमें। पालतू जानवरों में रेबीज के किसी भी लक्षण के मामले में मालिकों को तुरंत वरिष्ठ नगरपालिका पशु चिकित्सा अधिकारी या किसी सरकारी पशु चिकित्सा अधिकारी को जानकारी देने के लिए कहा गया है।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थित बूथ पर मतदान के लिए विशेष सुरक्षा उपाय

भुवनेश्वर, 12 मई (भाषा)।

ओड़ीशा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरुण सारंगी ने रविवार को कहा कि राज्य के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित इलाकों में 13 मई को होने वाले मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

सारंगी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 13 मई को राज्य में पहले चरण के तहत लोकसभा की चार और नौ जिलों के 28 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा, जिनमें से छह जिले-मलकानगिरि, कोरापुट, रायगड़ा, नवरंगपुर, नुआपाड़ा और कालाहांडी - माओवाद प्रभावित हैं। सारंगी ने कहा कि चुनाव 7,298 मतदान केंद्रों पर होंगे, जिनमें से 537 बूथ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थित हैं। सारंगी ने कहा कि इन क्षेत्रों में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए विशेष परिचालन व्यवस्था शुरू की गई है। डीजीपी ने कहा कि हमने जनवरी के पहले सप्ताह से इन जिलों में 539 नक्सल रोधी अभियान शुरू किए हैं और नवरंगपुर जिले में एक माओवादी नेता को मार गिराया है, जबकि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 138 परिचालन पार्टियां और एसओजी/डीवीएफ (राज्य सशस्त्र पुलिस बल) की 37 इकाइयां लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल की इकाइयां नक्सल प्रभावित इलाकों में अभियान संचालित कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि चूंकि छत्तीसगढ़ में चुनाव पहले ही संपन्न हो चुका है, इसलिए यह आशंका है कि कुछ नक्सली पड़ोसी राज्य से ओड़ीशा में घुसपैठ कर सकते हैं। ओड़ीशा के डीजीपी ने कहा कि इसलिए, छत्तीसगढ़ भी पांच स्थानों पर अभियान शुरू कर रहा है, जबकि आंध्र प्रदेश सीमावर्ती इलाकों में नौ ऐसे अभियान शुरू कर रहा है। उन्होंने कहा कि ओड़ीशा पुलिस पूरे राज्य में सुचारू, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है।

राज्य में चार चरणों में 30,023 स्थानों पर 37,898 मतदान केंद्रों पर चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए ओड़ीशा पुलिस ने कानून लागू करने वाली गतिविधियां तेज कर दी हैं। उन्होंने कहा कि इस साल एक जनवरी से 33,000 वारंट निष्पादित किए गए हैं, सात लोगों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत मामला दर्ज किया गया है और 233 अवैध हथियार जब्त किए गए हैं।

झारखंड के पलामू में विस्फोट, चार की मौत

मेदिनीनगर, 12 मई (भाषा)।

झारखंड के पलामू में रविवार को एक विस्फोट में तीन नाबालिग सहित कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विस्फोट मनातू थाना क्षेत्र में कबाड़ डीलर के यहां हुआ। यह जगह राज्य की राजधानी रांची से लगभग 190 किलोमीटर दूर है। यह घटना पलामू सहित चार सीट पर लोकसभा चुनाव की पूर्व संध्या पर हुई। पलामू की पुलिस अधीक्षक (एसपी) रीष्मा रमेशन ने बताया कि घटना में तीन नाबालिग समेत चार लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि हम बम विस्फोट की संभावना सहित हर पहलू से घटना की जांच कर रहे हैं।

बोलांगीर में 15 को वाहन रैली में हिस्सा लेंगे राहुल

भुवनेश्वर, 12 मई (भाषा)।

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी 15 मई को ओड़ीशा के बोलांगीर में एक वाहन रैली में हिस्सा लेंगे, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 मई को पुरी में रोड शो कर सकते हैं। बोलांगीर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार समरेंद्र मिश्र ने कहा कि गांधी 15 मई को वाहन रैली में भाग लेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

दूसरी ओर, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोलक महापात्र ने कहा कि मोदी अपनी यात्रा के दौरान पुरी में रोड शो के अलावा कटक और अंगुल में जन सभाओं को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 15 मई को राउरकेला, सोराडा और कांटाबांजी में रैलियों को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा 17 मई को पदमपुर, सुंदरगढ़ और हिंजिली में प्रचार करेंगे। ओड़ीशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ हो रहे हैं।

भारतीय रिज़र्व बैंक नोट मुद्रण (प्रा.) लिमिटेड
(भारतीय रिज़र्व बैंक की सम्पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी)
नंबर 3 और 4, पहला स्टेज, पहला फेज, बीटीएम लेआउट, बन्नेरघट्टा रोड, बेंगलुरु -560029, फोन नंबर (080) 66602000, फैक्स: (080) 66602039

(राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली निविदा संख्या 002 / CO / F&A / 2024-25 दिनांक 13/05/2024)
एमएसटीसी इवेंट नंबर: BRBNMPL/Corporate Office/F&A/1/24-25/ET/12 [क्लियरिंग फॉरवर्डिंग एजेंसी]

BRBNMPL के लिए C&F एजेंसी की नियुक्ति के लिए NCB

बीआरबीएनएमपीएल चेन्नई और कोलकाता के बंदरगाहों से और कोलकाता और बेंगलुरु के हवाई अड्डों से बीआरबीएनएमपीएल की इंपोर्टेड सामग्रियों के कस्टम क्लीयरेंस, फोरवर्डिंग के लिए और उन्हें गंतव्यों तक परिवहन आदि के लिए C&F एजेंसी के रूप में संलग्न होने के लिए पात्र और साधन संपन्न एजेंसियों/फर्मों से दो-बोली प्रणाली (दो भाग) के तहत MSTC पोर्टल के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित करता है। (बीआरबीएनएमपीएल मैसूर प्रेस और बीआरबीएनएमपीएल साल बोनी प्रेस)। [निविदा का अनुमानित मूल्य - ₹ 175.00 लाख].
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय **13.06.2024 को 14.30 बजे** तक या उससे पहले। निविदा दस्तावेज और अन्य विवरण डाउनलोड करने के लिए कृपया विजीट करें: **www.mstcecommerce.com/eprocn**
निविदा विवरण हमारी वेबसाइट: **www.brbnmpl.co.in** पर भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा, नोट करें कि इस निविदा में कोई भी संशोधन/शुद्धिपत्र, यदि भविष्य में जारी किया जाता है, केवल उपरोक्त वेबसाइटों पर अधिसूचित किया जाएगा और समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

सी एफ ओ सह कंपनी सचिव

दि कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड
रजि. कार्यालयः स्टॉक एक्सचेंज बिल्डिंग, 7, ल्योंस रेंज, कोलकाता – 700 001
सीआईएनः U67120WB1923PLC004707, फोनः 033–40253000, फैक्सः 033–40253019,
ईमेलः pduta@cse-india.com: वेबसाइटः www.cse-india.com

सेबी (इक्विटी शेयरों की डीलिस्टिंग) विनियम 2021 के विनियमन 32(3) के संदर्भ में कंपनियों के इक्विटी शेयरों की अनिवार्य डीलिस्टिंग के लिए सार्वजनिक सूचना

उपरोक्त विनियमन के संदर्भ में और प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम, 1956 की धारा 21ए और कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड ('एक्सचेंज') के नियमों, उपनियमों और विनियमों के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार, नोटिस दिया जाता है एक्सचेंज ने नीचे उल्लिखित कंपनियों को अनिवार्य रूप से डीलिस्ट करने का प्रस्ताव रखा है क्योंकि उक्त कंपनियों ने अन्य बातों के साथ–साथ, अपनी प्रतिभूतियों की अनिवार्य डीलिस्टिंग के लिए आधार तैयार किया है, यानी, सेबी के विभिन्न प्रावधानों का अनुपालन न करने के कारण उक्त कंपनियों को निलंबित कर दिया गया है। (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम 2015 और इस संबंध में सेबी/एक्सचेंज द्वारा जारी विभिन्न परिपत्र/नोटिस।

एक्सचेंज ने कंपनियों को एक्सचेंज रिकॉर्ड के अनुसार उनके अंतिम ज्ञात पते और पंजीकृत ईमेल पर नोटिस जारी किया है, जिसमें उक्त कंपनियों को अंतिम अवसर देने के बाद अनुपालन करने के लिए कहा गया है, अन्यथा कंपनी के इक्विटी शेयरों को अनिवार्य रूप से एक्सचेंज से हटा दिया जाएगा। एक्सचेंज रिकॉर्ड के अनुसार कंपनियों का नाम उनके अंतिम ज्ञात पते के साथ निम्नलिखित लिंक में दिया गया है: https ://www.cse-i ndia.com/u pload/u pload/Pu bl ic_notice_for_proposed_ compulsory_delisting_1.pdf
कोई भी जो व्यक्ति प्रस्तावित डीलिस्टिंग से व्यथित हो सकता है, वह इस नोटिस के 15 कार्य दिवसों के भीतर यानी 27 मई, 2024 को या उससे पहले एक्सचेंज की अनिवार्य डीलिस्टिंग के लिए पैनल को लिखित रूप में प्रतिनिधित्व, यदि कोई हो, कर सकता है। अभ्यावेदन करने वाले व्यक्ति(व्यक्तियों) का संपर्क विवरण अनिवार्य डीलिस्टिंग के लिए पैनल को ई–मेल compulsorydelisting@cse.india.com. हेल्प लाइन नं. 03340253061 के माध्यम से भेजा जाना चाहिए।

कंपनी को उपरोक्त ईमेल आईडी में 27 मई, 2024 को या उससे पहले कंपनी के प्रमोटर/निदेशक का विवरण अपडेट करने का निर्देश दिया गया है। उपरोक्त सूचीबद्ध कंपनी के प्रमोटर/निदेशक को उपरोक्त टेलीफोन नंबर और ईमेल पता. पर तुरंत एक्सचेंज से संपर्क करने के लिए भी कहा जाता है।

दिनांकः 10 मई 2024 — पी.दत्ता
स्थानः कोलकाता — कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

Hari Om

HOAC FOODS INDIA LIMITED

CORPORATE IDENTIFICATION NUMBER: U15120DL2018PLC330739

Our Company was originally incorporated with the name as "Hoac MP Atta Spices Manufacture Private Limited' a private limited company on March 12, 2018 under the Companies Act, 2013, with Registrar of Companies, Delhi bearing registration number 330739. Thereafter, the company name was changed to 'Hoac Foods India Private Limited' dated November 03, 2021. Subsequently, our Company was converted into a public limited company pursuant to a resolution passed by our Shareholders at an Extraordinary general meeting held on October 13, 2023 and consequently the name of our Company was changed to 'Hoac Foods India Limited' and a fresh certificate of incorporation dated 30th October, 2023 was issued by the Registrar of Companies, Delhi at New Delhi.

Registered Office: D-498, 1st Floor Palam Extension, Sector-7 Dwarka, Raj Nagar - II, South West Delhi, New Delhi, Delhi, India, 110077
Telephone: +91 85272 73940; **Email:** info@attahariom.com ; **Website:** www.hoacfoodsindia.com;
Contact Person: Ms. Bhawna Agarwal, Company Secretary and Compliance Officer;

PROMOTERS OF OUR COMPANY: MR. RAMBABU THAKUR, MRS. GAYTRI THAKUR AND MR. YASHWANT THAKUR

The issue is being made in accordance with Chapter IX of the SEBI ICDR Regulations (IPO of Small and Medium Enterprises) and the equity shares are proposed to be listed on SME platform of National Stock Exchange of India Limited" (NSE Emerge).

PUBLIC ISSUE OF UP TO 11,55,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE ₹ 10 EACH ("EQUITY SHARES") OF HOAC FOODS INDIA LIMITED (THE "COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 48 PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SECURITIES PREMIUM OF ₹ 38 PER EQUITY SHARE) (THE "ISSUE PRICE"), AGGREGATING UPTO ₹ 554.40 LAKHS ("ISSUE") OF THE ISSUE, 93,000 EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹ 44.64 LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER ("MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 10,62,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH AT AN ISSUE PRICE OF ₹ 48 PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO ₹ 509.76 LAKHS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE 30.05 % AND 27.63 %, RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY. FOR FURTHER DETAILS, SEE "TERMS OF THE ISSUE" ON PAGE 199 OF THE PROSPECTUS.

THIS ISSUE IS BEING IN TERMS OF CHAPTER IX OF THE SEBI (ICDR) REGULATIONS, 2018 AS AMENDED FROM TIME TO TIME.
For Further details see "TERMS OF THE ISSUE" beginning on page no. 199 of the Prospectus.
THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES IS ₹ 10/- EACH AND THE ISSUE PRICE IS ₹ 48/-. THE ISSUE PRICE IS 4.8 TIMES OF THE FACE VALUE.

BID/ISSUE PERIOD — **BID/ ISSUE OPENED ON: THURSDAY MAY 16, 2024** — **BID/ ISSUE CLOSED ON: TUESDAY MAY 21, 2024 ^**

Minimum Lot Size — 3,000 EQUITY SHARES FOR RETAIL INDIVIDUAL INVESTORS. 6,000 EQUITY SHARES AND IN MULTIPLES OF 3,000 EQUITY SHARES THEREAFTER FOR HNI/QIB CATEGORY.

^ UPI mandate end time and date shall be at 5:00 pm on the Bid/Issue Closing Date.

RISKS TO INVESTORS

1. We are required to obtain, renew or maintain statutory and regulatory permits, licenses and approvals to operate our business and our manufacturing facility, and any delay or inability in obtaining, renewing or maintaining such permits, licenses and approvals could result in an adverse effect on our results of operations.
2. The Merchant Banker associated with the Issue has handled 23 public issues in the past two years out of which no issues closed below the Issue Price on Listing date
3. Average cost of acquisition of Equity Shares held by our Promoters Rambabu Thakur, Gaytri Thakur and Yashwant Thakur are Rs. 6.34 , Rs. 2.63 and Rs. 85.00 per Equity Share and the Issue Price is Rs. 48 per Equity Share.
4. The Price/ Earnings ratio based on Diluted EPS for year ended March 2023 for the company at the Issue Price is 15.05.
5. Weighted Average Return on Net worth for Fiscals 2023, 2022 and, 2021 is 34.67%

Submission of Bids :

Bid/ Issue Period (except the Bid/ Issue Closing Date)	
Submission and Revision in Bids	Only between 10.00 a.m. and 5.00 p.m. IST
Bid/ Offer Closing Date	
Submission and Revision in Bids*	Only between 10.00 a.m. and 3.00 p.m. IST
Submission of Bids by QIBs and Non-Institutional Bidders	Only between 10.00 a.m. and 4:00 p.m IST
Submission of Bids by Retail Individual Bidders.	Only between 10.00 a.m. and 5:00 p.m IST

*UPI mandate end time and date shall be at 5.00 pm on Bid/Offer Closing Date.

IN TERMS OF THE SEBI CIRCULAR BEARING NUMBER: CIR/CFD/POLICYCELL/11/2015, DATED NOVEMBER 10, 2015 AND THE ALL-POTENTIAL INVESTORS SHALL PARTICIPATE IN THE ISSUE ONLY THROUGH AN ASBA FACILITY, PROCESS PROVIDING DETAILS ABOUT THE BANK ACCOUNT WHICH WILL BE BLOCKED BY THE SELF-CERTIFIED SYNDICATE BANKS ("SCSBS") FOR THE SAME. FURTHER PURSUANT TO SEBI CIRCULAR BEARING NO. SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2019/76 DATED JUNE 28, 2019. FOR IMPLEMENTATION OF PHASE II FOR UPI FACILITY, WHICH IS EFFECTIVE FROM JULY 01, 2019, ALL POTENTIAL BIDDERS (EXCEPT ANCHOR INVESTORS) ARE REQUIRED TO MANDATORILY UTILIZE THE APPLICATION SUPPORTED BY BLOCKED AMOUNT ("ASBA") PROCESS PROVIDING DETAILS OF THEIR RESPECTIVE ASBA ACCOUNTS OR UPI ID (IN CASE OF RIIS), IN WHICH THE CORRESPONDING APPLICATION AMOUNTS WILL BE BLOCKED BY THE SCSBS OR UNDER THE UPI MECHANISM, AS APPLICABLE. FOR DETAILS IN THIS REGARD, SPECIFIC ATTENTION IS INVITED TO "ISSUE PROCEDURE" ON PAGE NO. 208 OF THE PROSPECTUS, IN CASE OF DELAY, IF ANY IN UNBLOCKING/REFUND OF THE FUND, OUR COMPANY SHALL PAY INTEREST ON THE APPLICATION MONEY AT THE RATE OF 15% PER ANNUM FOR THE PERIOD OF DELAY.

Applicants should note that on the basis of PAN, DP ID and Client ID as provided in the Bid cum Application Form, the Bidders/Applicants may be deemed to have authorized the Depositories to provide to the Registrar to the Issue, any requested Demographic Details of the Applicants as available on the records of the depositories. These Demographic Details may be used, among other things, for or unblocking of ASBA Account or for other correspondence(s) related to an Issue. Applicants are advised to update any changes to their Demographic Details as available in the records of the Depository Participant to ensure accuracy of records. Any delay resulting from failure to update the Demographic Details would be at the Applicants' sole risk. Applicants should ensure that PAN, DP ID and the Client ID are correctly filled in the Bid cum Application Form. The PAN, DP ID and Client ID provided in the Bid cum Application Form should match with the PAN, DP ID and Client ID available in the Depository database, otherwise, the Bid cum Application Form is liable to be rejected. Applicants should ensure that the beneficiary account provided in the Bid cum Application Form is active.

CONTENTS OF THE MEMORANDUM OF ASSOCIATION OF THE COMPANY AS REGARDS ITS OBJECTS: For information on the main objects and other objects of our Company, see "History and Certain Corporate Matters" on page 137 of the Prospectus and Clause III of the Memorandum of Association of our Company. The Memorandum of Association of our Company is a material document for inspection in relation to the Issue. For further details, see the section "Material Contracts and Documents for Inspection" on page 270 of the Prospectus.

LIABILITY OF MEMBERS AS PER MOA: The Liability of the members is limited and this liability is limited to the amount unpaid, if any, on the shares held by them.

AMOUNT OF AUTHORISED SHARE CAPITAL OF THE COMPANY AND CAPITAL STRUCTURE: The Authorized share Capital of the Company is Rs. 4,00,00,000 /- (Rupees Four Crore only) divided into 40,00,000 (Forty Lakhs) Equity Shares of Rs.10/- (Rupees Ten only) each. For details of the Capital Structure, see "Capital Structure" on the page 59 of the Prospectus.

NAMES OF THE SIGNATORIES TO THE MEMORANDUM OF ASSOCIATION OF THE COMPANY AND THE NUMBER OF EQUITY SHARES SUBSCRIBED BY THEM: Given below are the names of the signatories of the Memorandum of Association of the Company and the number of Equity Shares subscribed for by them at the time of signing of the Memorandum of Association of our Company: Mr. Rambabu Thakur – 5,000 Equity Shares, and Ms. Gaytri Thakur 5,000 Equity Shares of Rs.10/- Each. Details of the main objects of the Company as contained in the Memorandum of Association, see "History and Corporate Structure" on page 137 of the Prospectus. For details of the share capital and capital structure of the Company see "Capital Structure" on page 59 of the Prospectus.

LISTING: The Equity Shares issued through the Prospectus are proposed to be listed on the NSE EMERGE (SME Platform of NSE). Our Company has received an 'in-principle' approval from the NSE for the listing of the Equity Shares pursuant to letter dated May 03, 2024. For the purpose of the Issue, the Designated Stock Exchange shall be NSE Limited (NSE). A signed copy of the Prospectus has been filed for registration to the ROC on May 10, 2024 and Prospectus shall be filed to the RoC in accordance with Section 26(4) of the Companies Act, 2013. For details of the material contracts and documents available for inspection from the date of the Prospectus up to the Bid/ Issue Closing Date, see "Material Contracts and Documents for Inspection" on page 270 of the Prospectus.

DISCLAIMER CLAUSE OF SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA ("SEBI"): Since the Issue is being made in terms of Chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018, the Prospectus has been filed with SEBI. In terms of the SEBI Regulations, the SEBI shall not issue any observation on the Offer Document. Hence there is no such specific disclaimer clause of SEBI. However, investors may refer to the entire Disclaimer Clause of SEBI on page 189 of the Prospectus.

DISCLAIMER CLAUSE OF NSE (THE DESIGNATED STOCK EXCHANGE): "It is to be distinctly understood that the permission given by NSE should not in any way be deemed or construed that the Offer Document has been cleared or approved by NSE nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Offer Document. The investors are advised to refer to the Offer Document for the full text of the 'Disclaimer Clause of NSE".

GENERAL RISK: Investments in equity and equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in this Issue unless they can afford to take the risk of losing their investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in this Issue. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of the Issuer and this Issue, including the risks involved. The Equity Shares have not been recommended or approved by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"), nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the contents of the Prospectus. Specific attention of the investors is invited to 'Risk Factors' on page 26 of the Prospectus.

ASBA*	Simple, Safe, Smart way of Application- Make use of it!!!	*Applications Supported by Blocked Amount (ASBA) is a better way of applying to issues by simply blocking the fund in the bank account, investors can avail the same. For details, check section on ASBA below.	Mandatory in Public Issues from January 01, 2016. No cheque will be accepted
UPI	Now available in ASBA for Retail Individual Investors (RII)**		

Investors are required to ensure that the bank account used for bidding is linked to their PAN. UPI – Now available in ASBA for RIIs applying through Registered Brokers, DPs & RTAs. RIIs also have the option to submit the application directly to the ASBA Bank (SCSBs) or to use the facility of linked online trading, demat and bank account.

Investors have to apply through the ASBA process. "ASBA has to be availed by all the investors except anchor investor. UPI may be availed by Retail Individual Investors. For details on the ASBA and the UPI process, please refer to the details given in ASBA form and abridged prospectus and also please refer to the section "Issue Procedure" beginning on page 208 of the Prospectus. The process is also available on the website of Association of Investment Bankers of India ("AIBI"), the Stock Exchanges and in the General Information Document.

**ASBA forms can be downloaded from the website of NSE EMERGE ("SME Portal of NSE")*

***List of banks supporting UPI is also available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in. ICICI BANK Limited has been appointed as Sponsor Bank for the Issue, in accordance with the requirements of the SEBI circular dated November 1, 2018, as amended. For UPI related queries, investors can contact NPCI at the toll free number-18001201740 and Mail Id- ipo.upi@npci.org.in. For the list of UPI Apps and Banks live on IPO, please refer to the link www.sebi.gov.in. For issue related grievance investors may contact: GYR Capital Advisors Private Limited -Mr. Mohit Baid (+91 87775 64648) (Email Id: investors@gyrcapitaladvisors.com).*

BOOK RUNNING LEAD MANAGER TO THE ISSUE	REGISTRAR TO THE ISSUE	COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER
GYR Capital Advisors **GYR CAPITAL ADVISORS PRIVATE LIMITED** **Address:** 428, Gala Empire, Near JB Tower, Drive in Road, Thaltej, Ahmedabad -380 054, Gujarat, India. **Telephone:** +91 87775 64648 **Facsimile:** N.A. **E-mail:** info@gyrcapitaladvisors.com **Website:** www.gyrcapitaladvisors.com **Investor grievance:** investors@gyrcapitaladvisors.com **Contact Person:** Mohit Baid **SEBI Registration Number:** INM000012810	KFINTECH **KFIN TECHNOLOGIES LIMITED** Selenium Tower- B, Plot 31-32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad-500 032, Telangana, India. **Tel No.:** +91 40 6716 2222 **Fax:** +91 40 2343 1551 **Website:** www.kfintech.com; **Email:** hoacfoods.ipo@kfintech.com; **Investor Grievance Email:** einward.ris@kfintech.com; **Contact Person:** Mr. M Murali Krishna **SEBI Registration No.:** INR000000221 **CIN:** L72400TG2017PLC117649	Hari Om Ms. Bhawna Agarwal is the **Company Secretary and Compliance Officer of our Company.** Her contact details are set forth hereunder. **Address:** D-498, 1st Floor Palam Extension Sector-7 Dwarka, Raj Nagar - II, South West Delhi, New Delhi, Delhi, India, 110077 **Telephone:** +91-85272 73940 **Facsimile:** N.A. **E-mail:** compliance@hoacfoodsindia.com Investors can contact the Company Secretary and Compliance Officer or the LM or the Registrar to the Issue in case of any pre-issue or post-issue related problems, such as non-receipt of letters of Allotment, non-credit of Allotted Equity Shares in the respective beneficiary account and refund orders, etc.

AVAILABILITY OF PROSPECTUS: Investors are advised to refer to the Prospectus and the Risk Factors contained therein before applying in the Issue. Full copy of the Prospectus is available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in, website of the Company at https://www.hoacfoodsindia.com/ , the website of the LM to the Issue at: www.gyrcapitaladvisors.com, the website of NSE Emerge at https://www.nseindia.com/companies-listing/corporate-filings-offer-documents , respectively.

AVAILABILITY OF APPLICATION FORMS: Application forms can be obtained from the Registered Office of the Company: D-498, 1st Floor Palam Extension Sector-7 Dwarka, Raj Nagar - II, South West Delhi, New Delhi, Delhi, India, 110077 Telephone: +91-85272 73940 ; LM: GYR Capital Advisors Private Limited, Telephone: +91 87775 64648 and the Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Issue. application Forms will also be available on the website of NSE EMERGE and the designated branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the stock exchanges and SEBI.

ESCROW COLLECTION BANK/ REFUND BANK/ PUBLIC ISSUE ACCOUNT BANK/ SPONSOR BANK: AXIS BANK LIMITED

UPI: Retail Individual Bidders can also make application through UPI Mechanism.

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the Prospectus.

On behalf of Board of Directors
For HOAC FOODS INDIA LIMITED
Sd/-
Ms. Bhawna Agarwal
Company Secretary and Compliance Officer

Place: New Delhi, India
Date: May 13, 2024

Disclaimer: HOAC FOODS INDIA LIMITED is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares and has filed the Prospectus with the Registrar of Companies, Delhi & Haryana on March 17, 2024 and thereafter with SEBI and the Stock Exchange. Full copy of the Prospectus is available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in, website of the Company at https://www.hoacfoodsindia.com/ the website of the LM to the Issue at: www.gyrcapitaladvisors.com the website of NSE Emerge at https://www.nseindia.com/companies-listing/corporate-fil